**INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT**
**Chanda Talawali Mangliya, Indore (M.P.)**

# E – TENDER
# FOR

# *Transportation of Sugar*

## *Dated : 6/7/2020*

**INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT**
**Chanda Talawali Mangliya, Indore**

Phone : 0731 2802554, 2811162,

Email : sanchimsids@gmail.com,

# INDORE SAHAKARI DUGUDH SANGH MARY ADIT
## Chanda Talawali Mangliya,
## Indore (M.P.)

निविदा मूल्य
**500/-**

## निविदा प्रपत्र

**निविदा कार्यः–बुरहानपुर/खरगौन से** इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,चान्दा तलावली मांगलिया इन्दौर तक शक्कर परिवहन की दो वर्ष (15.7.2020 से 14.7.2022 तक) हेतु ई–निविदा।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा क्रय की अन्तिम तारीख | : 6.7.2020 दोपहर 2.00 बजे तक। |
| ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तारीख एवं समय। | : 6.7.2020 दोपहर 2.00 बजे तक। |
| ई–निविदा खोलने की तारीख एवं समय | : 7.7.2020 दोपहर 2.00 बजे तक। |
| ई–निविदा खोलने जाने का स्थान | : इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ कार्यालय इन्दौर |
| पत्राचार हेतु पता | : मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, चान्दा तलावली, मांगलिया इन्दौर। |
| ANNEXURE - 1 | : निविदा शर्त। |
| ANNEXURE - 2 | : अनुबन्ध। |
| ANNEXURE - 3 | : दर प्रस्तुत करने का प्रपत्र। |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,**
**चान्दा तलावली, मांगलिया इन्दौर**

## ई–निविदा सूचना (परिवहन)

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,चान्दा तलावली,मांगलिया इन्दौर में दुग्ध पदार्थ के उत्पादन में लगने वाले शक्कर, शक्कर कारखाना बुरहानपुर/खरगौन से इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ चान्दा तलावली मांगलिया इन्दौर तक परिवहन की दो वर्ष (15.7.2020 से 14.7.2022 तक) हेतु आन लाईन ई–निविदा मध्य प्रदेश शासन की वेबसाइट www.mptenders.gov.in के माध्यम से दरें आंमत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | अमानत राशी | कार्य की समय–सीमा |
|---|---|---|---|
| **1** | शक्कर कारखाना बुरहानपुर /खरगौन से इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ चान्दा तलावली मांगलिया इन्दौर तक शक्कर परिवहन दर। | रूपयें 10000/- | दो वर्ष (15.7.2020 से 14.7.2022 तक) |

दिनांक 6.7.2020 दोपहर 2.00 बजे तक डाउनलोड कर सकते है।

आन लाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 6.7.2020 दोपहर 2.00 बजे तक जमा कर सकते है।

आन लाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 7.7.2020 दोपहर 2.00 बजे खोली जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

ANNEXURE – 1

# नियम एवं शर्ते

**1.** निविदा प्रपत्र पूर्ण कर निविदा के साथ अमानत राशी रूपयें 10000/- (अक्षरी रूपये दस हजार मात्र) का आनलाईन जमा किया जाना चाहिये। निश्चित समय के बाद प्राप्त अमानत राशि के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जावेगा। अमानत राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा, यदि निविदा स्वीकार नही की जाती है तो ऐसी स्थिति में अमानत राशि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त वापस कर दी जावेगी।

निविदा दिनांक 7.7.2020 को दोपहर 2.00 बजे समिति के समक्ष खोली जावेगी। निविदा खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उसके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकेगे।

**2.** निविदा स्वीकृत होने पर प्रतिभूति की राशी रूपयें 25000/.(अक्षरी रूपये पच्चीस हजार मात्र) 03 दिवस में जमा कराना होगी जो कि ठेका समाप्त होने पर पूर्ण वर्ष के कार्य की समीक्षा के पश्चात वापस की जावेगी, तथा इस पर कोई ब्याज देय नही होगा। निश्चित अवधि में प्रतिभूति राशी जमा न करने पर अमानत राशि राजसात करते हुए उन स्थानों के लिये निविदा अन्य ठेकेदारो को दी जा सकेगी।

**3.** निविदाकर्ता की दर स्वीकृत होने पर उक्त निविदाकार की अमानत राशि को छोड कर शेष निविदाकर्ता की अमानत राशि 30 दिवस में वापिस कर दी जावेगी।

**4.** परिवहनकर्ता को परिवहन की सभी शर्ते मान्य होगी।

**5.** परिवहन दर अनुमोदन के पश्चात तुरन्त प्रभावशील मानी जावेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आवश्यकतानुसार शक्कर की मात्रा (परिवहन) को घटाने या बढाने हेतु पूर्णतः अधिकृत है।

**6.** यह निविदा दो वर्ष की अवधि के लिये आंमत्रित की जा रही है। कार्य सन्तोषप्रद होने पर आपसी सहमती से एक–एक करके दो वर्ष के लिये कार्य अवधि और बढाई जा सकेगी।

**7.** परिवहनकर्ता को परिवहन करने के पश्चात परिवहन का बिल भुगतान हेतु कार्यालय में माल प्राप्ती की रसीद के साथ प्रस्तुत करना होगा।

**8.** इनकम टेक्स, GST वसूली एवं सरकार द्वारा उस समय अन्य कोई टेक्स लगाने पर परिवहनकर्ता के देयक से कटौती की जावेगी। इसके लिये ट्रक/मेटाडोर मालिक से आयकर अधिनियम–1961 की धारा–194 "C" के तहत DECLARATION (घोषणा–पत्र), पान नम्बर की छायाप्रति के साथ निर्धारित प्रारूप में दिया जाना है। घोषणा–पत्र एवं पान नम्बर नही होने की स्थिति में नियमानुसार 20% TDS बिल भुगतान के समय काट लिया जावेगा। ट्रांसपोट का भुगतान RTGS के माध्यम से हो जाये इसलिये निम्न जानकारी बिल पर प्रिन्ट कराई जावे।

1. ट्रांसपोर्टर का नाम (जिस नाम से बैंक में खाता है)
2. बैंक एवं शाखा का नाम।
3. बैंक का खाता नम्बर।
4. IFS कोड नम्बर
5. पान नम्बर।

**9.** दर अनुमोदन के पश्चात परिवहन कर्ता द्वारा इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर के निर्देशानुसार निर्धारित समयावधि में परिवहन वाहन शक्कर कारखाना पर लगाना एवं शक्कर पूर्ण मात्रा में लाना आवश्यक होगा। परिवहनकर्ता द्वारा वाहन नही लगाने पर संघ द्वारा अन्य स्त्रोत से वैकल्पिक व्यवस्था कर आधिक्य राशि परिवहनकर्ता से वसूल की जावेगी। संघ द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन व परिवहन वाहन नही लगाने पर EMD राशि राजसात की जावेगी।

**10.** अनुबन्ध अवधि में यदि डीजल की दरो में कमी या वृध्दि होती है, तो दर वृध्दि या कमी की गणना इन्दौर दुग्ध संघ के नियमानुसार की जावेगी। डीजल के अतिरिक्त स्पेयर्स पार्टस, आईल तथा टायर ट्यूब आदि की दरो में वृध्दि होने पर अनुबन्धित दरों में वृध्दि नही की जावेगी।

**11.** प्रबन्ध को कोई भी अथवा सभी निविदा मान्य/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।

**12.** निविदा को मान्य या अमान्य करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर को होगा।

**13.** निविदाकर्ता की निविदा स्वीकृति हो जाने पर रूपये 1000/- के नॉन–ज्युडिशियल स्टाम्प पर नियमानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर के साथ **कार्यादेश प्राप्ती से 08 दिवस में एक अनुबन्ध निष्पादित करना होगा, जिसका प्रारूप संलग्न है।**

**14.** किसी प्रकार के विवाद की स्थिती में विवाद का निराकरण माध्यस्थम जो की "अध्यक्ष" इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर रहेगे के माध्यम से किया जावेगा तथा "अध्यक्ष" इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर द्वारा पारित आदेश दोनो पक्षो पर बन्धनकारी रहेगा।

**15.** न्यायिक क्षेत्र इन्दौर रहेगा।

ANNEXURE – II

# अनुबन्ध

यह अनुबन्ध मुख्य कार्यपालन अधिकारी, (इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर) तथा मेसर्स ——————————————— जिसे इसके उपरान्त शक्कर परिवहन ठेकेदार के नाम से सम्बोधित किया जावेगा के मध्य शक्कर कारखाना बुरहानपुर/खरगौन से इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,चान्दा तलावली,मांगलिया इन्दौर तक शक्कर परिवहन हेतु किया जा रहा है।

**1.** ठेके की अवधि दिनांक ............ से ........... तक की समयावधि हेतु होगी।

**2.** सामान्यतःपरिवहन हेतु लगने वाली खाली वाहनो की मांग के विषय में सूचना ठेकेदार को इस कार्यालय द्वारा दी जावेगी, परन्तु मूलतः संघ की आवश्यकता अनुसार परिवहन हेतु लगने वाले ट्रक की मांग प्राप्त करना ठेकेदार का ही कर्तव्य होगा। ठेकेदार द्वारा वाहन उपलब्ध न कराने की दशा में यदि अतिरिक्त वाहन द्वारा कार्य कराया जाता है तो ठेकेदार का दावा की उसे बिना सूचित किये अन्य वाहन द्वारा कार्य कराया गया है, मान्य नही होगा।

**3.** परिवहन कार्य के लिये मांग प्राप्ति/सूचित करने से दो दिवस में वाहन उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। वाहन उपलब्ध न कराने की स्थिति में इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर द्वारा अपने स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था कर कार्य कराया जावेगा जिसमें होने वाले अधिक भुगतान की गई राशि ठेकेदार के देयक से वसूल की जावेगी तथा इस बाबद सूचना पृथक से ठेकेदार को देने के लिये संयंत्र बाध्य नही होगा।

**4.** साधारणतः इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या.,मांगलिया इन्दौर में ट्रक खाली करने का समय कार्य दिवस में प्रातः 9.00 से सांयकाल 3.00 बजे तक रहता है,परन्तु सांय 3.00 बजे के बाद खाली कराने आये ट्रको को खाली कराना अथवा न कराना प्रबन्ध के अधिकार में रहेगा।

**5.** परिवहन ठेकेदार को किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नही किया जावेगा।

**6.** परिवहन ठेकेदार को भुगतान हेतु प्रति सप्ताह अपना मुद्रित देयक दो प्रतियों में जिसमे क्रं. दिनांक, पता आदि उल्लेखित हो माल प्राप्ती की वैध रसीद के साथ प्रस्तुत करना होगा।

**7.** परिवहन ठेकेदार को उनके देयको का भुगतान इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मांगलिया इन्दौर से रेखांकित धनादेश(चैक) द्वारा किया जावेगा।

**8.** नियमानुसार आयकर/सर्विस टेक्स आदि का कटौत्रा भाडा देयको से काटा जावेगा।

**9.** परिवहन करते समय मार्ग में किसी प्रकार की टूट—फूट नुकसान, शक्कर गीला होना, कमी आदि के लिये ठेकेदार स्वयं उत्तरदायी होगा तथा इससे सम्बन्धित राशि उसके परिवहन देयक एवं अमानत राशी से वसूल की जावेगी।

**10.** लोडिंग अनलोडिंग व्यय परिवहन ठेकेदार को वहन करना होगा।

**11.** परिवहन ठेकेदार या उसके प्रतिनिधियों का व्यवहार संस्था के अधिकारियों/कर्मचारियों व हम्मालों के साथ सौहादपूर्ण होना चाहिये। यदि ट्रक ड्रायव्हर की असावधानी से इन्दौर दुग्ध संघ की जान—माल सम्पत्ती आदि की कोई हानि होती है, तो उसकी क्षतिपूर्ति का उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।

**12.** परिवहन ठेकेदार के वाहन पर कार्यरत कर्मचारियों के विरूध्द सरकारी कानून अनुसार की जाने वाली कार्यवाही की जवाबदारी भी ठेकेदार की होगी व यदि इस बाबद कोई हानि होगी तो राशि ठेकेदार से वसूल की जावेगी।

**13.** उक्त शर्तो के अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी इन्दौर दुग्ध संघ इन्दौर द्वारा समय – समय पर जो परिवहन सम्बन्धी सूचनायें/आदेश दिये जावेगे, उनका पालन हेतु ठेकेदार स्वयं बाध्य होगा।

**14.** परिवहन ठेका दो वर्ष के लिये मान्य होगा, परन्तु ठेके की अवधि में कमी अथवा वृद्वि करना प्रबन्ध के अधिकार क्षेत्र में होगा।

**15.** स्वीकृत दरें अनुबन्ध समाप्ति तक मान्य रहेगी, लेकिन अनुबन्ध अवधि में यदि डीजल दरों में कमी/वृद्वि होती है तो ही अनुबन्ध दर में कमी/वृद्वि की जावेगी। दर में कमी वृद्वि की गणना बुरहानपुर/खरगौन से इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, चान्दा तलावली, मांगलिया इन्दौर तक की दूरी एवं वाहन की औसत डीजल खपत 4 लीटर प्रति किलो मीटर के आधार पर कमी/वृद्वि दिनांक से की जावेगी। डीजल के अतिरिक्त स्पेयर पार्टस, आइल ट्यूब टायर आदि की दरों में वृद्वि होने पर अनुबन्धित दरों में वृद्वि नही की जावेगी।

**16.** किसी प्रकार के विवाद की स्थिती में विवाद का निराकरण माध्यस्थम जो की "अध्यक्ष" इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर रहेगे के माध्यम से किया जावेगा तथा " अध्यक्ष" इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर द्वारा पारित आदेश दोनो पक्षो पर बन्धनकारी रहेगा।

**17.** अनुबन्ध की शर्तो में परिस्थितिवश परिवर्तन या शिथिल करने का अधिकार प्रबन्ध को होगा। इस अनुबन्ध पर आज दिनांक ––––––––– को उभय पक्षों में आपसी सहमति के आधार पर मांगलिया कार्यालय में हस्ताक्षर किये है। निविदाकार का इकरार नामा दिनांक –––––––– से दिनांक –––––––––– तक की अवधि में प्रभावशील रहेगा।

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
| (          ) | (          ) |
| | मुख्य कार्यपालन अधिकारी |
| परिवहनकर्ता ठेकेदार | इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,इन्दौर |

## –::– गवाह –::–

| | |
|---|---|
| (1) हस्ताक्षर | (2) हस्ताक्षर |
| नाम : | नाम : |
| पिता : | पिता : |
| पता : | पता : |

ANNEXURE – III

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,
# चान्दा तलावली, मांगलिया इन्दौर

## दर प्रस्तुत करने का प्रपत्र

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,चान्दा तलावली,मांगलिया इन्दौर में दुग्ध उत्पादन में लगने वाले शक्कर कारखाना बुरहानपुर/खरगौन से इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ चान्दा तलावली मांगलिया इन्दौर तक परिवहन हेतु दो वर्ष( 15.7.2020 से 14.7.2022 तक) हेतु आन लाईन ई–निविदा दर प्रपत्र।

| क्रं. | कार्य का नाम | दर |
|---|---|---|
| **1** | शक्कर कारखाना बुरहानपुर से इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ चान्दा तलावली मांगलिया इन्दौर तक शक्कर परिवहन दर प्रति किलोमीटर। | |
| **2** | शक्कर कारखाना खरगौन से इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ चान्दा तलावली मांगलिया इन्दौर तक शक्कर परिवहन दर प्रति किलोमीटर। | |
| **3** | निविदा भरते समय ड़ीजल की दर प्रति लीटर। | |

निविदाकर्ता का नाम

पता :